# शिक्षा मंत्रालय
## उच्चतर शिक्षा विभाग

### मंत्रिमंडल के लिए सितम्बर 2023 माह का मासिक सारांश:

**सितम्बर, 2023 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और प्रमुख उपलब्धियां**

(i) भारत के राष्ट्रपति ने शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। वर्ष 2023 से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार को नया स्वरूप प्रदान किया गया है और इसका क्षेत्र विस्तार करते हुए इसमें उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा और कौशल शिक्षा के शिक्षकों को भी शामिल किया गया है। इस वर्ष 50 स्कूल शिक्षकों, उच्च शिक्षा के 13 शिक्षकों और कौशल संस्थानों के 12 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

(ii) माननीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने 5 सितंबर, 2023 को मालवीय मिशन-शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम और इससे संबंधित पोर्टल लॉन्च किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में संकाय सदस्यों की क्षमता का निर्माण करना है। यह सतत व्यावसायिक विकास सुनिश्चित करेगा और समयबद्ध तरीके से सम्पूर्ण भारत में 111 मालवीय मिशन केंद्रों के माध्यम से उच्च शिक्षण संस्थानों के 15 लाख शिक्षकों की क्षमता निर्माण करने में मदद करेगा।

(iii) शिक्षा मंत्रालय, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और मेटा के बीच 3 साल की साझेदारी "छात्रों, शिक्षकों और उद्यमियों की एक पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा से उद्यमिता" दिनांक 04.09.2023 को नई दिल्ली में लॉन्च की गई। मेटा और एनआईईएसबीयूडी, एआईसीटीई और सीबीएसई के मध्य 3 आशय पत्रों का आदान-प्रदान किया गया। "उद्यमिता हेतु शिक्षा प्रतिभा पूल, छात्रों, युवा कार्यबल और सूक्ष्म उद्यमियों को भविष्य की प्रौद्योगिकियों के साथ सहजता से जोड़ते हुए उनकी क्षमता का निर्माण करेगी और हमारी अमृत पीढ़ी को नए युग की समस्याओं के समाधानकर्ता और उद्यमियों के रूप में समर्थकारी बनाएगी। मेटा ने एक एमओयू पर भी हस्ताक्षर किये। इसके बाद चार प्रमुख उद्योगों सिस्को, एडोब, माइक्रोसॉफ्ट और सेल्सफोर्स के साथ एक अतिरिक्त समझौता ज्ञापन दिनांक 5 सितंबर, 2023 को किया गया। ये समझौता ज्ञापन कौशल, पुनः कौशल और कौशल उन्नयन के विविध क्षेत्रों के पाठ्यक्रमों में छात्रों को शामिल करके उन्हें कौशल विकास की सुविधा प्रदान करेंगे। यह विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान और ज्ञान के आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देगा। दोनों समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर कार्यक्रमों की अध्यक्षता माननीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री द्वारा की गई।

(iv) भारतीय भाषा उत्सव के एक भाग के रूप में दो दिवसीय प्रौद्योगिकी और भारतीय भाषा शिखर सम्मेलन 30 सितंबर एवं 1 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। माननीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री ने 30 सितंबर, 2023 को शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ किया। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एनईपी 2020 के विजन के अनुरूप वर्तमान शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र से भारतीय भाषाओं में निहित एक निर्बाध परिवर्तन की सुविधा प्रदान करना और शिक्षा में भारतीय भाषाओं के लिए तकनीकी रूप से समृद्ध भविष्य के लिए पाठ्यक्रम निर्धारित करना था। एआईसीटीई-अनुवादिनी, केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान, एनसीईआरटी, क्रिस्टल लैब और राज्यों के बहुभाषी हब द्वारा एक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसमें उद्योगों, सरकारी संगठन और स्टार्ट-अप द्वारा भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी उत्पाद और उनके अनुप्रयोगों को प्रदर्शित किया गया था। शिखर सम्मेलन में तीन महत्वपूर्ण विषयगत सत्र शामिल थे, जिसमें उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और प्रौद्योगिकीविदों ने अपनी विषय संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की और दर्शकों के साथ सार्थक चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया और उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। शिक्षा जगत, छात्र अनुसंधान विद्वानों, एडुटेक और इन्फोटेक उद्योग के पेशेवरों, तकनीकी विशेषज्ञों, मीडिया प्रतिनिधियों और

फ्रीलांसरों सहित विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों की सक्रिय भागीदारी के साथ, दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय भाषाओं के शिक्षा के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया गया। माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी; पीएमओ, पीपी/डीओपीटी, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री ने 1 अक्टूबर, 2023 को शिखर सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता की।

(v) भारतीय संस्थानों और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के संघों का प्रतिनिधित्व करने वाली आईआईटी परिषद ने हाल ही में एक इंडो-यूएस ग्लोबल चैलेंज इंस्टीट्यूट की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ग्लोबल चेलेंज इंस्टिट्यूट हमारे दोनों देशों के अग्रणी अनुसंधान और उच्च-शिक्षा संस्थानों को एक साथ लाएगा, जिसमें एएयू और आईआईटी सदस्यता से परे, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नए क्षेत्रों को उन्नत करने हेतु, सतत ऊर्जा और कृषि, स्वास्थ्य और महामारी की तैयारी, सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी और विनिर्माण, उन्नत सामग्री, दूरसंचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम विज्ञान में सहयोग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, भारतीय संस्थानों ने शिक्षा और अनुसंधान में कई अन्य बहु-संस्थागत सहयोग किए हैं, उदाहरणार्थ आईआईटी बॉम्बे शिकागो क्वांटम एक्सचेंज में एक अंतरराष्ट्रीय भागीदार के रूप में शामिल हो गया है। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी टंडन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग कानपुर ने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी-टंडन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कानपुर ने प्रौद्योगिकियों के महत्वपूर्ण और उभरते हुए क्षेत्रों में न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी यूनिवर्सिटी-टंडन और आईआईटी कानपुर एडवांस्ड रिसर्च सेंटर लॉन्च किया है; बफ़ेलो में स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क और आईआईटी दिल्ली, कानपुर, जोधपुर और बीएचयू को शामिल करते हुए बहु-संस्थागत संयुक्त अनुसंधान केंद्र भी महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में स्थापित किए जा रहे हैं। भारत-अमेरिका डिफेंस एक्सेलेरेशन इकोसिस्टम (इंडस-एक्स) के तहत अकादमिक-स्टार्टअप साझेदारी की एक अनूठी पहल, हाल ही में भारतीय स्टार्टअप्स और कई उच्च शैक्षणिक संस्थानों के साथ एक संयुक्त एक्सेलेरेटर कार्यक्रम कार्यशाला के माध्यम से शुरू की गई थी।

भारतीय विश्वविद्यालयों और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के बीच ये समझौता ज्ञापन भारत और अमेरिका के दिनांक 08.09.2023 को जारी संयुक्त बयान का हिस्सा थे।

(vi) उच्चतर शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाने के साथ 'स्वच्छता ही सेवा' (एसएचएस) अभियान दिनांक 19.09.2023 को शुरू किया गया था। सचिव, उच्चतर शिक्षा ने केंद्र द्वारा वित्त पोषित उच्च शिक्षण संस्थानों के कुलपतियों/निदेशकों के साथ एक बैठक भी की, ताकि उन्हें वर्तमान में चल रहे विशेष अभियान 3.0, एसएचएस अभियान और उच्चतर शिक्षा में 'मिशन लाइफ' को मुख्यधारा में लाने के बारे में जागरूक किया जा सके। लगभग 170 एचईआई, यूजीसी और एआईसीटीई के प्रतिभागी वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) द्वारा सम्पूर्ण भारत में स्वच्छता पखवाड़ा भी दिनांक 1 से 15 सितंबर तक मनाया गया। एचआईई द्वारा छात्रों के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियां/पहल जैसे श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान, वर्ली पेंटिंग के माध्यम से परिसर का सौंदर्यीकरण, जैविक खेती और खाद बनाना, अपशिष्ट संग्रह और निपटान हेतु सामुदायिक सहभागिता, स्वच्छता शपथ ग्रहण आदि की गईं। 52 एचईआई से पखवाड़े के दौरान 6,000 से अधिक छात्रों से जुड़ी गतिविधियों संबंधी रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं।

(vii) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय ने अपने एवं अपनी एजेंसियों और संस्थानों के अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम में लगे अनुसंधान कर्मियों की परिलब्धियां भी बढ़ा दी हैं। परिलब्धियों में हुई वृद्धि दिनांक 1 जनवरी, 2023 से प्रभावी है। इस कारण सरकार द्वारा लगभग 725.00 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च वहन किया जाएगा।

(viii) उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) के मूल्यांकन और प्रत्यायन (ए एंड ए) को सुदृढ़ करने हेतु उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 03.11.2022 के आदेश के तहत गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 25.09.2023 को उच्च शिक्षण संस्थानों के मूल्यांकन और प्रत्यायन को सुदृढ करने हेतु समिति के अध्यक्ष डॉ. के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी।

****